तेरा दीवाना कैसे हुआ संवारा

राधा हमे भी बतादे जरा तेरा दीवाना कैसे हुआ संवारा,
राधे राधे रटे हर घडी वनवरा,
राधा हमे भी बतादे जरा तेरा दीवाना कैसे हुआ संवारा,

तुम ना आये तो यमुना पर आता नहीं,
तुम न हो तो ये बंसी बजाता नहीं,
तेरी पानी सी लसी भी हस के पिये,
हम खिलाये तो माखन भी खाता नहीं,
जादू टोना बता कौन सा है करा,
तेरा दीवाना कैसे हुआ संवारा

तेरी गलियों के चक्र लगाने लगा,
रोज बरसाने में आने जाने लगा
चूड़ी वाली कभी मेहँदी वाली कभी रूप निश दिन ये बनाने लगा,
दे जवाब आज तू सोल्हा आने खड़ा ,
तेरा दीवाना कैसे हुआ संवारा

कल तलक जो चरण जीत का मीत था,
जो निभाता सदा प्रीत की रीत था,
उसकी बंसी तेरे गीत गाने लगे,
जिसकी धुन में लिखा मैंने हर गीत था,
रह गया प्रेम मेरा धरा का धरा,
तेरा दीवाना कैसे हुआ संवारा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11264/title/tera-diwaana-kaise-huya-sanwara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |